Course — BA Education Hons, part 1
Paper – 1 (Philosophical & Sociological foundation Of Education
Topic — Meaning, Definition & Scope of Education
Prepared by - Dr. Sangeeta Kumari

इकाई 1 : शिक्षा का अर्थ, परिभाषाएं विषय-क्षेत्र
Unit 1 : Meaning, Definition & Scope of Education

1.1 शिक्षा का शाब्दिक अर्थ Etymological (Meaning Of Education):–

'Education' शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'Educatum' शब्द से हुई है। 'Education' शब्द दो शब्दों से 'e' तथा 'duco' से बना है। 'e' का अर्थ है – 'out of' और 'duco' का अर्थ है – 'to lead forth' or 'to extract out'. अतः 'Education' शब्द का अर्थ है – 'आन्तरिक को बाहर लाना'। शिक्षाविद 'Education' शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के निम्न शब्दों से भी मानते हैं –

a) 'Educere – इसका अर्थ है – 'To bring forth', 'To lead forth'
b) 'Educare' – इसका अर्थ है – 'To educate', 'To raise', 'To bring up'

1.2 शिक्षा का व्यापक अर्थ (Wider Meaning of Education)

शिक्षा आजीवन चलने वाली प्रक्रिया है। व्यक्ति अपने जन्म से मृत्यु तक कुछ न कुछ सीखता और अनुभव करता है। उसके सीखने और अनुभव करने का परिणाम यह होता है कि वह धीरे-धीरे विभिन्न प्रकार के अपने भौतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक वातावरण से अपना सामंजस्य स्थापित कर लेता है। व्यापक अर्थ में शिक्षा का कार्य जीवन भर चलता रहता है। वास्तव में मनुष्य का सम्पूर्ण जीवन ही शिक्षा का काल है। अतः शिक्षा उस विकास का नाम है जो बचपन से

Scanned with CamScanner

लेकर जीवन के अन्तिम क्षण तक चलती रहती है। इसी विकास के कारण व्यक्ति अपनी परिस्थितियों पर विजय प्राप्त करता है, जीवन की विभिन्न समस्याओं को सुलझाता है और अपने कर्तव्यों का पालन करता है।

1.3 शिक्षा का वास्तविक अर्थ (True Meaning of 'Education')

शिक्षा का वास्तविक अर्थ को इन शब्दों में व्यक्त कर सकते हैं:-

"शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है, जो मनुष्य की जन्मजात शक्तियों के स्वाभाविक और सामंजस्यपूर्ण विकास में योग देती है, उसकी वैयक्तिकता का पूर्ण विकास करती है, उसे अपने वातावरण से सामंजस्य स्थापित करने में सहायता देती है, उसे जीवन और नागरिकता के कर्तव्यों और दायित्वों के लिए तैयार करती है और उसके व्यवहार, विचार, दृष्टिकोण में ऐसा परिवर्तन करती है जो समाज, देश और विश्व के लिए हितकर होता है।"

1.4 शिक्षा की परिभाषाएँ (Definition of Education):-

शिक्षा की परिभाषाएँ निम्नलिखित हैं:-

फ्रॉबेल के अनुसार

"शिक्षा वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा बालक की जन्मजात शक्तियाँ बाहर प्रकट होती हैं।"

पेस्टालॉजी के अनुसार,

"शिक्षा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का स्वाभाविक, सामंजस्यपूर्ण और प्रगतिशील विकास है।"

ब्राउन के अनुसार

"शिक्षा चैतन्य रूप में एक नियन्त्रित प्रक्रिया है, जिसके द्वारा व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन किए जाते हैं और व्यक्ति के द्वारा समूह में।"

Scanned with CamScanner

जेम्स के अनुसार,

" शिक्षा कार्य सम्बन्धी अर्जित आदतों का संगठन है, जो व्यक्ति को उसके भौतिक और सामाजिक वातावरण में उचित स्थान देती है।"

1.5 शिक्षा का विषय क्षेत्र (Scope of Education) :-

शिक्षा मानव के विकास की प्रक्रिया है। मानव के इस विकास को प्रमुख रूप से दो रूपों में देखा जा सकता है - (1) वैयक्तिक विकास (2) सामाजिक विकास मानव के वैयक्तिक पक्ष में उसकी रुचियाँ, योग्यताएँ, अभिवृत्तियाँ, मानसिक शक्तियाँ, शारीरिक शक्तियाँ, आध्यात्मिक शक्तियाँ आदि तत्व आते हैं। ये सभी तत्व मनोवैज्ञानिक पक्ष के अन्तर्गत आते हैं। मानव के सामाजिक विकास का अभिप्राय है। उसका सामाजिकरण होना। सामाजीकरण की प्रक्रिया उसके परिवार से प्रारम्भ होती है और बढ़ते - बढ़ते मानवीय स्तर तक पहुँचती है।

शिक्षा का विषय क्षेत्र निम्नलिखित है:-

(1) शिक्षा-दर्शन :-

इसमें शिक्षा व दर्शन का सम्बन्ध शिक्षा के लक्ष्य, पाठ्यक्रम के सिद्धान्त व लक्ष्य, शिक्षण विधियों का स्वरूप, विभिन्न दार्शनिक विचारधाराएँ एवं उनके प्रवर्तक आदि का अध्ययन किया जाता है।

(2) शिक्षा समाजशास्त्र :-

इसमें शिक्षा व समाज का सम्बन्ध, शिक्षा समाजशास्त्र की प्रकृति व विषय क्षेत्र, शिक्षा तथा अन्य सामाजिक संस्थाएँ, समाजीकरण। शिक्षा के सामाजिक उद्देश्य, शिक्षा व संस्कृति आदि आते है।

(3) शिक्षा मनोविज्ञान :-

इसमें शिक्षा व मनोविज्ञान का सम्बन्ध, शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति व शिक्षा, बाल विकास व शिक्षा, अधिगम के सिद्धान्त, नियम तथा उसको प्रभावित करने

वाले तत्व, बुद्धि, व्यक्तित्व, समायोजन, मनोवैज्ञानिक समस्याएँ व शिक्षा, विकलांग तथा असमान्य बालक, मनोवैज्ञानिक प्रयोग आदि का अध्ययन किया जाता है।

अभ्यास के प्रश्न (Questions for exercise).

- Define education. Describe the meaning and scope of education.

शिक्षा को परिभाषित कीजिए। शिक्षा के अर्थ तथा विषय क्षेत्र का वर्णन कीजिए।

Scanned with CamScanner